हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 जून 2024

11 एनएचएम कर्मचारियों ने की सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी



12 नालों की सफाई में बाधक बन रहा अतिक्रमण



**खबर संक्षेप**

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल की पहचान कीर्तिमान के रूप में हुई है। कीर्तिमान का कहना है कि वह सेक्टर-13 में बिजली का काम करके घर लौट रहा था। जब रोहतक-दिल्ली रोड पर पहुंचा तो एक स्कूटी सवार ने साइड मार दी। टक्कर लगने के बाद मैं बाइक सहित गिर गया। मुझे सिर सहित अन्य हिस्सों में चोट आई। बेहोश हो गया। जब होश आया तो अस्पताल में था। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान लिए।

# जलनिकासी के ठोस तरीकों पर नहीं हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- ढांचागत सुधारों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्चने के साथ ही सुनियोजित तरीके एवं गंभीरता से काम करने की जरूरत

बारिश के मौसम में लगभग प्रतिवर्ष होने वाला जलभराव शहरी रखरखाव में कमी को ही उजागर कर रहा है। विकास की प्रक्रिया में अमरुत योजना के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद वर्षा जलनिकासी के ठोस तरीकों पर कार्य नहीं हो पा रहा है। शुक्रवार को 20 एमएम और बुधवार को 23 मिलीमीटर बरसात के बाद ही शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। शहरीकरण एवं मानवजनित कारणों ने इस समस्या को अधिक बढ़ा दिया है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण बहादुरगढ़ का ड्रेनेज सिस्टम अप्रभावी होता जा रहा है।

शहरों में जलभराव की समस्या की रोकथाम के लिए अनेक ढांचागत सुधारों की आवश्यकता है। यदि सुनियोजित तरीके एवं गंभीरता से काम किया जाए तो इस समस्या से उबरा जा सकता है। नालों की सफाई न होने के कारण सड़क और घरों में पानी भर जाता है। कई दिन तक जलभराव रहने से बीमारी फैलने का खतरा बना बना रहता है। अफसोस कि इस समस्या के नाम पर केवल खजाने को साफ किया जाता है, लेकिन इसका अभी तक कोई ठोस उपाय नहीं खोजा गया है। ऐसे में सरकार की प्रबंधन व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सरकारों द्वारा प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद यह समस्या प्रतिवर्ष और अधिक गंभीर होती जा रही है। शहरों की जलनिकासी प्रणाली की पुरानी व्यवस्था में सुधार कर, आधुनिक मॉडल के साथ तालमेल बिठाकर, नए एवं पुराने मार्गों को आपस में जोड़कर, सीवर एवं पानी के अलग-अलग निकासी मार्ग बनाकर जलभराव की इस समस्या से निजात पाई जा सकती है। इससे बरसात के पानी की भी तुरंत निकासी हो सकेगी। इस समस्या के निदान के लिए दीर्घकालीन ठोस नीति नितांत आवश्यक है।



बहादुरगढ़। बरसात के बाद एक गली में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों संग चेयरपर्सन ने लिया जायजा

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने वीरवार को अधिकारियों के साथ सेक्टर-6, सेक्टर-2 और सैनीपुरा इलाके का दौरा किया। उनके साथ नगर परिषद व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने शास्त्री नगर में प्रस्तावित नाले को जल्द बनाने के निर्देश दिए। सेक्टर-6 की ग्रीन बेल्ट व सेक्टर-2 स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के सामने हो रहे जलभराव की समस्या स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जा रहा है। इस अवसर पर परिषद के कार्यकारी अभियंता डालचंद शर्मा, प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता पवन, जेई नीरज, जेई संदीप, जेई आशीष छिल्लर, जेई कामेश के साथ रमेश राठी व पार्षद राजेश तंवर आदि मौजूद रहे।



# गत्ता फैक्ट्री में लगी आग, तैयार और कच्चा माल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- दमकलकर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। ऊपरी तल पर लगी आग हवा के साथ तेजी से फैल गई। तीन गाड़ियों के सहारे दमकल विभाग के कर्मचारियों ने करीब कई घंटे में आग पर नियंत्रण पाया। हालांकि दोपहर बाद तक कहीं कहीं धुआं उठ रहा था। आग से काफी तैयार व कच्चा माल जलकर राख हो गया। वहीं भवन भी क्षतिग्रस्त हुआ है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

दरअसल, दिल्ली के निवासी कमल नारंग की एमआईई पार्ट-बी में प्लॉट नंबर 1679 में एंपायर पैकेजिंग नाम से गत्ता फैक्ट्री है। इसमें जूते आदि के बॉक्स बनाए जाते हैं। देर रात को आग लगने की बात सामने आई है। वीरवार की अल सुबह जब आग लगी देखी गई तो बचाव कार्य शुरू हुआ। जब तक दमकल विभाग की टीम मोर्चा संभालती, आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी। प्रथम तल को आग ने पूरे आगोश में ले लिया। दूसरे तल तक भी आग पहुंच गई। गत्ता आदि ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग भीषण रूप ले चुकी थी। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। खिड़की-शीशे आदि तोड़कर जैसे तैसे दमकल कर्मी फैक्ट्री में अंदर घुसे। कई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सुबह करीब साढ़े 11 बजे आग पर नियंत्रण पाया जा सका। हालांकि दोपहर को भी आग कहीं कहीं सुलग रही थी। फैक्ट्री मालिक को भी बेहद नुकसान हुआ है।

दमकल अधिकारी रवींद्र कुमार का कहना है कि सूचना मिलते ही गाड़ियां मौके पर भेज दी गई थी। आग पर नियंत्र पा लिया गया है। सावधानी के तौर पर एक दमकल गाड़ी फैक्ट्री के पास छोड़ी गई है। आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।



बहादुरगढ़। आग बुझाने का प्रयास करते दमकलकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# सीएम फ्लाइंग टीम ने किया एंबुलेंस कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- एंबुलेंस कॉल संबंधी रिकार्ड में मिली खामियां
- कई एंबुलेंस गाड़ियों में कैमरा, जीपीएस व बायोमैट्रिक स्कैनर नहीं मिले सुचारू

सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा वीरवार को शहर के नागरिक अस्पताल परिसर स्थित एंबुलेंस कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। सीएम फ्लाइंग रोहतक से एएसआई मुकेश द्वारा गुप्तचर विभाग के सदस्यों को साथ लेकर एंबुलेंस कंट्रोल रूम का दौरा करते हुए वहां के हाजिरी रजिस्टर, कर्मचारियों की तैनाती, एंबुलेंस के लिए आई कॉल संबंधी विवरण सहित अनेक जानकारियां हासिल की। डिप्टी सीएमओ डॉक्टर शैलेंद्र डोगरा के संज्ञान में लाते हुए एंबुलेंस कंट्रोल रूम के बेड़ा प्रबंधक अजीत की मौजूदगी में किए गए निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस के लिए कॉल किए जाने के संबंध में दर्ज किया गया रिकार्ड पूर्णतया अपडेट नहीं मिला। आधे-अधूरे विवरण व नियमानुसार एंट्री न होने के कारण यह पता नहीं चल पा रहा था कि कॉल किस व्यक्ति ने की। एंबुलेंस कब गई और किसी समय वापिस लौटी। इसके अलावा एंबुलेंस में रखे जाने वाले महत्वपूर्ण उपकरण जैसे कैमरा, जीपीएस व बायोमैट्रिक स्कैनर आदि भी सुचारू नहीं पाए गए जबकि उनमें दवाइयों का स्टॉक व ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। चार सदस्यीय फ्लाइंग टीम द्वारा लिए गए कॉल विवरण में जनवरी 2024 से अब तक 10224 कॉल प्राप्त करने की एंट्री रजिस्टर में मिली जो दुरुस्त है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिले में 24 एंबुलेंस कार्यरत है जिनमें से छह झज्जर अस्पताल, तीन बहादुरगढ़ अस्पताल तथा शेष अन्य जिले के सीएचसी व पीएचसी सेंटर पर तैनात की गई है। इनमें 65 ड्राईवर व 27 ईएमटी स्टाफ कार्यरत है जो नियमानुसार है।



झज्जर। एंबुलेंस कंट्रोम के रिकार्ड की जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गोशाला संस्थापक पर चलाई गोली, बाल-बाल बची जान

**झज्जर :** क्षेत्र के गांव समसपुर में एक युवक द्वारा शहर के गुरुग्राम मार्ग स्थित गोकुल धाम गौ सेवा महातीर्थ के संस्थापक सुनील निमाणा पर गोली चला कर जान से मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सुनील निमाणा ने बताया कि वीरवार को वह अपने साथी धनन्जय और ड्राईवर मंजीत के साथ समसपुर माजरा गांव में किसी रस्म तेरहवीं कार्यक्रम में गया था। रस्म पगड़ी कार्यक्रम के बाद जब वह खाना खा रहा था तो धनन्जय ने बताया कि गोशाला मानव गौसदन रेवला खानपुर में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करने वाला मोहित नामक उनके यहां से दो चक्कर लगा चुका है। इसी दौरान मोहित उसके पास और उसने बाहर आने का इशारा किया। इसके बाद मोहित के साथी रिंकू ने पीछे से आकर उसकी कनपटी पर पिस्टल लगा दी और मोहित के इशारा करने पर पिस्टल का ट्रिगर दबा दिया। गणीमत यह रहा कि डबल कोक होने की वजह से पिस्टल नहीं चल पाई जिससे वह नीचे बैठ गया और उसकी जान बच गई। इसके बाद ड्राईवर मंजीत ने रिंकू को पकड़ लिया तो मोहित ने भी अपनी पिस्टल निकाल ली। लेकिन भगदड़ मच जाने के कारण वे भाग गए। सुनील निमाणा के अनुसार इस दौरान रिंकू की पिस्टल नीचे जमीन पर छूट गई जो बाद में पुलिस को सौंप दी गई।

**FOUNDATION PUBLIC SCHOOL**
Near Ram gas agency, Jhajjar road, Bahadurgarh
Affiliated to CBSE - 531762
For more information:-
career.fps@gmail.com
8307856950, 9671954747
Handsome Salary Assured For Really Good Candidates
Urgently requires the following -
- PGT Biology
- PGT Physics
- PGT History
- TGT Social Science
- Bus Driver
- Bus Conductor
- Security Guard

Teaching Candidates Should Be Fluent In Spoken English.
Experienced Candidates Will Be Preferred. Freshers May Also Apply.
Candidates Can Send Their Resume At Above Email Id.
Walk In Interview On Sunday 30th, June 2024
Timings - 9 a.m. Onwards



विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून




बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतुहल जगाते रहे हैं। जानों, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन

बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।



सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।

**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।

**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।




## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

## क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।



**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *



### खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

स्कूल खुलने पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



**बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर :** मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन :** तरबूजा।
**टीचर :** ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
रोहन : सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।
**-आकाश, रोहतक**

**चिंटू :** मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी :** 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।
**-अमन, रायपुर**




**पप्पू :** पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू :** समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।
**-हितेन, भोपाल**

कहानी
पवन कुमार वर्मा

# मुर्गों की आपात बैठक

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'

'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।

'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता
शिवचरण चौहान




## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

**रंग भरो-153** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





निशिता, दिल्ली



दिव्यांश, दुर्ग



दिव्या, बिलासपुर



डॉली, मटियारी



दीक्षा, रायपुर



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, प्रगति-बिलासपुर, सौम्य-बालोद, युक्ति-धमतरी, दिशांत-महेंद्रगढ़, शुभम-बिलासपुर, लोकेश-रोहतक, कमल-महासमुंद, प्रिया-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, रौनक-धमतरी, कृश-बालोद

## रंग भरो 154

बच्चों, इस चित्र में चिंटू अपने डॉगी को प्यार से खाना दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां मंकी के कई सारे चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। तुमको एक जैसे दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजना है। जल्दी से खोजो जरा




उत्तर: d और e

## खबर संक्षेप



### शहीद जयदयाल की स्मृति में किया पौधरोपण

**झज्जर।** दा हाइट्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को शहीद जयदयाल पूनिया दिवस मनाया गया। संस्थान के डायरेक्टर नवींद्र कुमार ने बताया कि शहीद जयदयाल पूनिया 26 जून 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हो गए थे। वे एक लड़ाका राइफलमैन थे। उनकी स्मृति में उनकी पुत्री कलावती देवी ने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा लड्डू का प्रसाद बांटा।



### उद्योगों के लिए सुरक्षा मानकों की पालना अनिवार्य

**झज्जर।** स्पेशल सेफ्टी जागरूकता अभियान के तहत वीसी के माध्यम से इंडस्ट्री एवं श्रम विभाग से जुड़े अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश जारी किए। डायरेक्टर जनरल ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के दिशा-निर्देशन में इंडस्ट्री सेफ्टी से जुड़े विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। डीएमसी परवेश कादियान ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य उद्योगों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी कार्यांवयन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि उचित सुरक्षा उपाय न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उद्योगों की उत्पादकता और प्रतिष्ठा को भी बनाए रखते हैं।

### सत्याग्रहियों व स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन में वृद्धि

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों मासिक पेंशन में वृद्धि की है। यह बढ़ी हुई पेंशन 1 जुलाई 2024 से लागू होगी। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई, 2024 से उनकी मासिक पेंशन दस हजार रुपये से बढ़कर बीस हजार रुपये हो जाएगी। उन्होंने बताया कि हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन को भी बढ़ाकर बीस हजार रुपये कर दिया है। वहीं सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाली सम्मान पेंशन की राशि भी पच्चीस हजार रुपये से बढ़ाकर चालीस हजार रुपये कर दी है।

### पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा नकद पुरस्कार

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि प्रदेश के खेल विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है। पात्र खिलाड़ी नकद पुरस्कार के लिए अपने आवेदन पत्र जिला खेल अधिकारी के कार्यालय महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है।

### ट्रेन में यात्री का मोबाइल फोन उड़ाया

**रेवाड़ी।** राजस्थान के चूरू से दिल्ली सराय रोहिल्ला जा रहे यात्री का ट्रेन में मोबाइल फोन चोरी हो गया। जीआरपी को दर्ज शिकायत में राजस्थान के बिसाऊ निवासी बुद्धि प्रकाश ने बताया कि वह ट्रेन से दिल्ली जा रहा था। ट्रेन रेवाड़ी स्टेशन के पास पहुंची तो उसका मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर लिया। उसने दिल्ली सराय रोहिल्ला जीआरपी को शिकायत दर्ज कराई।

### धारण गांव से बुजुर्ग घर से लापता

**रेवाड़ी।** धारण गांव से करीब 88 वर्षीय बुजुर्ग घर से लापता हो गया। बावल थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में श्रीनिवास ने बताया कि उसका पिता बुधराम 26 जून को बिना बताए घर से कहीं चला गया।

## विभाग की अनूठी पहल नई शिक्षा नीति को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

# विद्यार्थियों को मिले ग्रीष्मावकाश गृहकार्य का अभिभावक करेंगे मूल्यांकन : भारद्वाज

- कक्षा प्रभारियों द्वारा अभिभावक मूल्यांकन शीट का संपूर्ण रिकार्ड रखा जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

नई शिक्षा निति एवं निपुण कार्यकम की अनुपालना में कक्षा पहली से पांचवीं के विद्यार्थियों को परंपरागत लिखने एवं रटने की प्रकृति की अपेक्षा अनुभव आधारित सीखने की अवधारणा पर आधारित ग्रीष्मावकाश गृहकार्य प्रदान किया गया था। विद्यार्थियों को ग्रीष्म अवकाश में स्वतंत्र समय सारिणी के अनुसार पाठ्य पुस्तकों से अलग कहानी पठन, अखबार, समाज, बाजार, परिवेश आदि के माध्यम से पठन-पाठन कराया जाना था। जिला एफएलएन संयोजक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि इस गृहकार्य को पूरा कराने में दादा-दादी, नाना-नानी व घर के बड़े सदस्यों द्वारा मेंटर का भूमिका निभाने का आह्वान शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था। उन्होंने बताया कि अब विद्यार्थियों से पूछा जाएगा कि क्या उन्होंने एक दिन के लिए मोबाइल और टीवी से दुरी बनाई, बैंक, डाकघर, बस स्टैंड बाजार आदि की यात्रा की, फल या सब्जियों के बीज निकाल कर उनकी गिनती की, क्या उसे अपने घर के सदस्यों के मोबाइल नंबर याद है। इस संदर्भ में शिक्षक छुट्टियों में की गई यात्रा पर पांच वाक्य मौखिक रूप से भी सुन सकता है। इसके अलावा कक्षा प्रभारी अभिभावकों को मूल्यांकन शीट उपलब्ध कराएंगे जिसमें अभिभावकों को बच्चे द्वारा घर के कार्यों में मदद कराने, अपना आधार नंबर, घर के वाहनों के नंबर, गांव या शहर का पिन कोड याद करने में सक्षम है या नहीं आदि प्रश्नों के जवाब देने होंगे। इसके बाद अभिभावक भरी गई मूल्यांकन शीट कक्षा प्रभारी को वापिस सौंप देंगे। कक्षा प्रभारियों द्वारा अभिभावक मूल्यांकन शीट का संपूर्ण रिकार्ड रखा जाएगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त मूल्यांकन शीट खंड शिक्षा अधिकारियों को मेल के माध्यम से भेजी जा चुकी है। विभाग की ये अनूठी पहल नई शिक्षा नीति को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्योंकि नई शिक्षा नीति भी रटने की अपेक्षा समझने एवं अनुभव आधारित सीखने पर जोर देती है।



**झज्जर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में मिले गृहकार्य के दौरान भिंडी की सब्जी काटने का कार्य करता हुआ विद्यार्थी।

## सावरकर पार्क में किया पौधरोपण



**बहादुरगढ़।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से आई साध्वी देववाणी व साध्वी देव गरिमा ने वार्ड नंबर-13 के वीर सावरकर पार्क में पौधारोपण किया। इस मौके पर महिला पंतजाली योग समिति की हरियाणा प्रभारी अमर रावी और जिला झज्जर प्रभारी शशिबाला के साथ सुरेश गुलिया, रोशनी गुलिया, पूर्व पार्षद वजीर राठी व मास्टर रामकिशन वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने पार्क में आम व जामुन के पौधे लगाए। इस मौके पर सरदार गुरमीत सिंह, दिलबाग सिंह, वीरेंद्र आर्य, ओमप्रकाश वशिष्ट, पूर्व पार्षद सज्जन सैनी, रेवती रमन शर्मा, सतबीर रोहिला, जयभगवान जून, रामकिशन वर्मा, सुभद्रा, उषा अरोड़ा, अनिता, अंजू, कृष्णा, प्रमिला, रानी, रेखा, सुमन, सुशीला व मुकेश आदि मौजूद रहे।

## होनहार खिलाड़ी प्राची का किया स्वागत



**झज्जर।** हाल ही में रूस के कजान शहर में संपन्न हुई ब्रिक्स अंतर राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली झज्जर की महिला मुक्केबाज प्राची धनखड़ का स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम पहुंचने पर स्वागत किया गया। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि प्राची ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक जीता। खेल स्टेडियम में मौजूद मुक्केबाज खिलाड़ियों, मुक्केबाजी संघ के पदाधिकारियों ने प्राची का फूलमालाओं से स्वागत किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ग्रामीण चौकीदारों ने मांगा बकाया वेतन

- मांग को लेकर डीडीपीओ कार्यालय पहुंचे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

अपनी लंबित मांगों व रुके हुए वेतन की मांग को लेकर वीरवार को ग्रामीण चौकीदार सभा के पदाधिकारी डीडीपीओ कार्यालय पहुंचे। ग्रामीण चौकीदार सभा के राज्य उपप्रधान राजेंद्र सुलौधा, जिला प्रधान राजेंद्र लकड़िया व दिनेश ने बताया कि बीते वर्ष अक्टूबर माह का एरियर और वर्ष 2024 के फरवरी माह का वेतन अभी तक नहीं मिला। इस संबंध में जब उन्होंने डीडीपीओ कार्यालय पहुंच कर अकाउंटेंट से बातचीत की तो उन्होंने बजट आने के बाद खातों में वेतन व एरियर डाले जाने का आश्वासन दिया। इससे पहले लघु सचिवालय परिसर में हुई मीटिंग में बेरी ब्लॉक के सचिवों को संबोधित करते हुए राजेंद्र सुलौधा ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार सरकार की रीढ़ की हड्डी हैं। वे प्रशासन की बात को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उनकी मुख्य मांगों में ग्रामीण चौकीदार की मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने, ग्रामीण चौकीदारों को पक्का करने, जब तक उन्हें पक्का नहीं किया जाता तब तक 26 हजार रुपये वेतन दिया जाने, महीने की सात तारीख तक वेतन का भुगतान करने, ईएसआई सुविधा देने तथा चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने की मांग शामिल है।



**झज्जर।** लघु सचिवालय परिसर में मौजूद ग्रामीण चौकीदार सभा के प्रतिनिधि।

## योग करने के लिए किया प्रेरित



महिलाओं को योग करने के लिए प्रेरित किया

**बहादुरगढ़।** पतंजलि योग समिति ने आचार्य सुरेश गुलिया की अध्यक्षता में वीर सावरकर पार्क में एक कार्यक्रम किया। इसमें महिला प्रभारी शशि बाला के प्रयास से राज्य प्रभारी अमर, देव वाणी व देवगिरी आदि उपस्थित रही। आचार्य सुरेश गुलिया ने एक्यूप्रेशर के साथ योग करवाया। देव वाणी ने योग प्राणायाम के साथ उनके लाभ और हानि से अवगत करवाया। अमर ने बहनों को योग से होने वाले फायदे से अवगत करवाया। इन सभी ने रेलवे पार्क में अनीता और देवीलाल पार्क में रेनू भल्ला व मोना गर्ग के साथ योग कक्षाएं लगाई। हरीश अरोड़ा ने भी महिलाओं को योग करने के लिए प्रेरित किया। उषा अरोड़ा को तहसील प्रभारी बनाया गया। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सरदार गुरमीत सिंह ने सबका धन्यवाद किया।

## कैडेट्स ने दिया अनुशासन का परिचय

- डोहकी गांव में एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

रेवाड़ी जिले के डोहकी गांव में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में इंडो अमेरिकन स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि एनसीसी आठ हरियाणा बटालियन रेवाड़ी द्वारा यदुवंशी शिक्षा निकेतन में आयोजित इस शिविर में शामिल उनके संस्थान के बारह कैडेट्स को जहां आर्मी ऑफिसर बनने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया वहीं आर्मी के उपयोग में लाए जाने वाले हथियारों को चलाना एवं उनके रखरखाव की जानकारी तथा व्यवस्थित जीवन जीने के तरीकों से भी अवगत कराया। आर्मी ऑफिसर ने अनुशासन में रहकर धैर्यपूर्वक प्रशिक्षण लेने के लिए इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**झज्जर।** प्रशिक्षण शिविर में मिले प्रशस्ति पत्र दिखाते हुए एनसीसी कैडेट्स।

## संगठन से जुड़े पदाधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट

**झज्जर।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा विधानसभा झज्जर सतबीर सिंह चुम्बक एडवोकेट ने वीरवार को भाजपा केंद्रीय कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की। सतबीर सिंह चुम्बक एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे व राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ से मुलाकात करते हुए संगठन संबंधित विषयों पर विस्तार से चरचा की।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालत और क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यो से अवगत करवाया। इस दौरान डीपी कौशिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष से मुलाकात करते हुए सतबीर सिंह एडवोकेट।

## एनएचएम कर्मचारियों ने की सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

लंबित मांगों को लेकर प्रतिदिन एक घंटे का वर्क सस्पेंड कर विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने वीरवार को भी सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपनी आवाज उठाई। एनएचएम कर्मचारी संगठन जिला प्रवक्ता संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया किवे अपनी लंबित मांगों को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार नियमित एक घंटे का वर्क सस्पेंड कर रहे हैं। शुक्रवार को वे प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंच कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजेंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो वे आंदोलन में और अधिक तेजी लाएंगे। एनएचएम कर्मचारी संगठन के जिला प्रधान अरुण वर्मा ने बताया कि 21 जून को हुई वार्ता में बनी सहमति उपरांत 7वें वेतन आयोग की फाइल बीते सोमवार को फिर से अनुमोदन के लिए वित विभाग में भेजी गई थी, परंतु वित्त विभाग ने अपना अड़ियल रवैया अपनाते हुए मुख्यमंत्री की अनुमोदना को दरकिनार कर दिया। जिसके कारण कर्मचारियों में रोष बना हुआ है।



**झज्जर।** स्थानीय नागरिक अस्पताल में वर्क सस्पेंड के दौरान नारे लगाते हुए एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## गाड़ी और दो मोटरसाइकिल चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी के मामले नहीं थम रहे। रोहतक के निवासी अनिरुद्ध का कहना है कि वह 26 जून को बहादुरगढ़ आया। यहां गोरैया टूरिज्म कांप्लेक्स के पास गाड़ी खड़ी की। शाम को वापस आया तो गाड़ी नहीं मिली। इस शिकायत पर सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं लडरावण गांव के निवासी राहुल का कहना है कि वह गत 25 जून को ड्यूटी पर आया था। बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी कर दी। रात करीब आठ बजे अस्पताल से निकला तो बाइक नजर नहीं आई। वहीं, पालिका कॉलोनी के निवासी गौरव का कहना है कि वह बस अड्डे के निकट स्थित एक शराब ठेके पर काम करता है। कुछ दिन पहले ड्यूटी पर आया था। सुबह बाइक ठेके के बाहर खड़ी कर दी। दोपहर को देखा तो बाइक नहीं मिली। मुझे लगा कि कोई जानकार ले गया होगा लेकिन अब तक कुछ पता नहीं चला।

## शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू



**झज्जर।** राजकीय विद्यालयों के अध्यापकों के लिए वीरवार से तीन दिवसीय विशेष कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शहर के पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रातः साढे. नौ बजे शिविर का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल के संयोजन में जिले के करीब डेढ़ सौ शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा जाएगा। जिले के पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य भी इस शिविर में भाग ले रहे हैं। शिविर में खंड के पीएमश्री स्कूल माछरौली, दुजाना, दादरी तोए व झज्जर के टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों सहित अन्य जिलों 40 शिक्षकों को भी इस शिविर में ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर संचालन में डीपीसी सुरजीत सिंह अहलावत, प्राचार्य जोगेंद्र सिंह धनखड़, एपीसी ईश्वर मुद्गिल, चाप सिंह] नरेश बंसल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## सुबाना के खेतों से मोटर चोरी

**झज्जर।** सुबाना गांव के खेत से ट्यूबवैल पर लगी मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सुबाना निवासी सतीश ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर ऊर्जा पंप लगवा रखा है। बीती 21 जून को जब वह खेत में गया था तब मोटर व सोलर प्लेट आदि सब ठीक ठाक थो लेकिन अगली सुबह उसके खेत में ट्यूबवैल पर लगी 3 एचपी की मोटर चोरी हो गई जो तलाशने पर भी नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 118 शिकायतों की हुई सुनवाई



**झज्जर।** नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन के पास 118 शिकायतें आईं। सभी शिकायतों पर डीसी कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा सुनवाई की गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिकायतों के समाधान में लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को नंबर अलॉट किया जाता है व इसकी प्रोपर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

## बाढ़ राहत कार्यों पर अधिकारी करें फोकस

# लिफ्टिंग स्टेशन व तकनीकी कार्यों को दें प्राथमिकता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

बाढ़ राहत कार्यों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए वीरवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता अमित श्योकंद ने विभाग के अधिकारियों की मीटिंग ली। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के परिमंडल कार्यालय में आयोजित समीक्षा व रणनीतिक बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहरी क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। इस कड़ी में विभाग के कार्यक्षेत्र में आने वाले नालों की सफाई, लिफ्टिंग स्टेशन की मशीनों का उचित रखरखाव करने पर फोकस किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ राहत को लेकर अन्य विभागों के साथ कॉर्डिनेशन स्थापित करें और बाढ़ राहत के लिए रणनीति बनाकर कार्य करें। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों और स्टॉफ सदस्यों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए वर्तमान समय में चल रही कर्मचारियों की ड्यूटी की समीक्षा की। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता अश्वनी सांगवान, कार्यकारी अभियंता रुपेशचंद्र व कार्यकारी अभियंता अमन मोर ने उन्हें कार्यक्षेत्र में आने वाले शहरों में बाढ़ राहत के लिए की जा रही तैयारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।



**झज्जर।** बाढ़ राहत उपायों को लेकर अधिकारियों की मीटिंग लेते अधीक्षक अभियंता अमित श्योकंद।

**सूचना**

मैं, सत्यनारायण पुत्र श्री रतन सिंह निवासी अहरी तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, श्रीमती वीना देवी पत्नी श्री अशोक कुमार सिंगला पुत्र श्री राधा राम निवासी नजदीक त्रिवेणी स्कूल, वार्ड नम्बर-21, मकान नम्बर-389, बराही रोड बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा- 124507 बयान करती हूं कि मेरी पुत्री कुमारी हीना गुप्ता मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, मोहन लाल शर्मा पुत्र श्री हरिराम निवासी मकान नं. 91, वार्ड नं. 25, प्रीतम कालोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कौशिक व पुत्रवधु रचना कौशिक मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नालों पर बनाए पक्के स्लैब, सीढ़ियां और रैंप

# नालों की सफाई में बाधक बन रहा अतिक्रमण

- नप चेयरमेन ने किया नालों की सफाई कार्यों का निरीक्षण, कार्रवाई करने के कही बात

**हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर**

बरसात के दौरान जलभराव के कारण आमजन को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए नप प्रशासन की ओर से नालों की सफाई का कार्य जोरों पर किया जा रहा है। लेकिन नालों की सफाई कार्य में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण बाधक बन रहा है। शहर के सरकुर्लर रोड, छिकारा चौक से धौड़ चौक सहित अन्य स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार नालों के ऊपर पक्के स्लैब, सीढ़ियां और रैंप बना दिए है। ऐसे में इन स्थानों पर पूर्णतया सफाई कैसे होगी, यह सोचने का विषय है। कई दफा नप प्रशासन द्वारा इन दुकानदारों को नालों की सफाई के लिए कुछ स्थान छोड़ने की अपील भी की गई है, लेकिन इन दुकानदारों को कोई असर नहीं हो रहा है। इसके लिए नप प्रशासन अब सख्ती के मूड में है। वीरवार को नगर परिषद चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर में हो रही नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमों की अवेहलना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने और सौंदर्यीकरण के लिए नप प्रशासन का सहयोग करें।




झज्जर। दुकानदारों द्वारा नालों के ऊपर बनाए गए पक्के स्लैब व शहर में नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

### नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी का कहना है कि लोगों में जागरूकता का अभाव है। कुछ क्षेत्रों में जहां नालों की सफाई हो चुकी है, फिर भी लोग नालों में ही कूड़ा डाल रहे है। वहीं कुछ क्षेत्रों में नालों के ऊपर अतिक्रमण किया हुआ है। कई बार दुकानदारों से अपील भी की गई है कि नालों के ऊपर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि नियमों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मौजूदा स्थिति में आधे नालों की हो पाएगी सफाई

*शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और सड़कों पर दुकानदारों द्वारा जिस तरह से अतिक्रमण किया हुआ है। उसको देखकर ऐसा लगता है कि आधे नालों की ही सफाई हो पाएगी। क्यूंकि नप कर्मियों के कार्य में यह अतिक्रमण बाधक बना हुआ है। नालों की सफाई पूर्णतया नहीं हो पा रही है। ऐसे में आने वाले बरसात के सीजन में दुकानदारों की लापरवाही के कारण पूरे शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।*

## खबर संक्षेप

### दुकानदार से लूटपाट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बेरी।** पुलिस की एक टीम द्वारा कबाड़ी की दुकान से लूटपाट करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी प्रभारी सतवीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय निवासी काठमंडी रोहतक के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए अदालत झज्जर में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अग्निवीर रिक्रूटमेंट रैली दस जुलाई से रोहतक में

**झज्जर।** भारतीय सेना के भर्ती निदेशक ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन रोहतक स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में दस जुलाई से 15 जुलाई तक किया जाएगा। इस दौरान सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर कार्यालय सहायक व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडमैन दसवीं पास व अग्निवीर ट्रेडमैन आठवीं पास, अग्निवीर जनरल ड्यूटी पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी योग्य उम्मीदवार जिन्होंने कॉमन एंट्रेंस टेस्ट पास कर लिया है, वे अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें।

### संस्कृत के विकास के प्रति सजगता जरूरी

**बहादुरगढ़।** संस्कृत भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन नितांत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी संस्कृत के विकास के प्रति सजग होना चाहिए। यह कहना है डॉ. सीमा का। वीरवार को शहर के बालौर रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कई स्कूलों में बच्चों को बोलचाल की भाषा के तौर पर संस्कृत को प्रयोग होते देख मुझे बहुत खुशी महसूस होती है। संस्कृत भाषा सदैव हमारी पथ प्रदर्शक रही है। यदि इस भाषा को हम वाक व्यवहार में लाते तो देवत्व हमारे अंदर स्वयं आ जाता।



बहादुरगढ़। गांव सोलधा में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेंद्र सिंह जून। फोटो : हरिभूमि

## सोलधा में सवा नौ लाख में बनेगी गली

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेंद्र सिंह जून ने वीरवार को गांव सोलधा में विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत गली निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। गांव में शिव मंदिर से दादा मालदे मंदिर तक 9 लाख 25 हजार रुपए की धनराशि से गली बनेगी। विधायक जून ने अधिकारियों व ठेकेदार को गली का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गली का निर्माण टेंडर के तय मानकों के अनुसार किया जाए। सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप काजला ने विधायक राजेंद्र जून का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नरेश जून, पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, पूर्व सरपंच जोगेंद्र, सोमबीर, कप्तान, जयपाल, ओमप्रकाश, कैप्टन रामपाल, अन्ना, आनंद आदि मौजूद रहे। इसके उपरांत जून ने अपने कार्यालय पर जन समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

## दूषित जलापूर्ति पर एसयूसीआई ने जताया रोष

- गंदे पानी से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा प्रभाव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़**

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया ने लाइनपार इलाके में पिछले कई दिनों से दूषित पेयजल की सप्लाई को लेकर रोष जताया। उनके अनुसार गंदे पानी से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार विभाग इस समस्या का कोई निवारण नहीं किया है। वीरवार को कामरेड रामकिशन तथा सतबीर सिंह बल्हारा की अगुवाई में रोष प्रदर्शन किया तथा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि इस समस्या का तुरंत समाधान किया जाए, नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

स्थानीय निवासी सावित्री, संतरा, माया, ओम व नीलम ने बताया कि जलापूर्ति से बदबू आती है और इसके पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। यह सब विभाग की लापरवाही का नतीजा है, जिससे लोगों में काफी रोष है।

इस इलाके में रहने वाले गरीब लोग साफ पानी खरीद कर पीने में असमर्थ हैं और उनके घरों में आरओ भी नहीं हैं। रामकिशन ने कहा कि गंदा पानी सप्लाई करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जलभराव को लेकर भी प्रशासन से सवाल किए। हवा सिंह ने कहा कि भयंकर उमस भरी गर्मी में बार-बार बिजली कट लग रहे हैं। इस समस्या से भी बहुत परेशानी है। उनके अनुसार शासन-प्रशासन जनसमस्याओं पर ध्यान दें और उनका तुरंत निवारण करें।




बहादुरगढ़। लाइनपार इलाके में प्रदर्शन करते एसयूसीआई के सदस्य।

## शादी के लिए राजी नहीं हुई तो कर दी फोटो वायरल

**बहादुरगढ़।** नाते से जीजा लगते एक शख्स ने नाबालिक लड़की के साथ गलत काम किया और फिर उस पर शादी के लिए दबाव बनाया। लड़की शादी के लिए राजी नहीं हुई तो आरोपी ने बदनाम करने की नीयत से उसके अश्लील फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दे दी है। उसके आरोप कितने सही हैं, ये अभी तफ्तीश का विषय है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ के लिए भागदौड़ शुरू कर दी है। पीड़िता लड़की मूल रूप से प्रवासी है और बहादुरगढ़ की एक कॉलोनी में रहती है। पीड़िता का कहना है कि बिहार मूल का एक व्यक्ति नाते से उसका जीजा लगता है। इसी नाते के चलते हम दोनों में अक्सर बातचीत होती थी। उस शख्स ने उसको झांसे में ले लिया और मार्च-2020 से 2022 तक जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान अश्लील फोटो भी खींच लिए। उन फोटो के जरिये आरोपी उसे ब्लैकमेल करता रहा। कुछ समय पहले मेरे पिता की मृत्यु हुई तो उसके बाद आरोपी मुझे अपने साथ भागने के लिए कहने लगा। मैंने इंकार किया तो उसने मेरी फोटो इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर वायरल कर दी। वह फोटो मेरे पड़ोसियों, सहपाठियों आदि तक पहुंचा दी। बार-बार धमकी देता है कि या तो मुझ से शादी कर ले, वरना तेरी जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाने की पुलिस ने पोक्सा, दुष्कर्म आदि धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले में तफ्तीश जारी है। जांच पूर्ण होने के बाद ही मामले की हकीकत सामने आ सकेगी।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी का आभार जताते एडवोकेट बलबीर सिंह व अन्य।

## सीएम की घोषणाओं का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा में ओबीसी वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए सीएम नायब सिंह का धन्यवाद भी किया। एडवोकेट बलबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा में अब तक नौकरियों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण में क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से 6 लाख रुपए थी। सीएम नायब सैनी ने इसे बढ़ाकर 8 लाख रुपए वार्षिक करने की घोषणा की है। केंद्र सरकार की तर्ज पर इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्ग का आरक्षण 15 प्रतिशत था, जिसे केंद्र सरकार की तर्ज पर बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाएगा। इसके अलावा नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैगलॉग को प्राथमिकता के भरा जाएगा। एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों का अनुसरण करते हुए सीएम नायब सैनी सामान्य, एससी व ओबीसी वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं।

## बच्ची को लेकर दूधिया संग भागी महिला!

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र से एक महिला अपनी चार वर्षीय बच्ची सहित लापता है। दो दिन से उसका कुछ अता-पता नहीं है। पति ने घर में दूध देने वाले एक शख्स पर पत्नी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। इस शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल तीनों का कुछ सुराग नहीं है। लाइनपार के निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि करीब आठ साल पहले उसने प्रेम विवाह था। उनकी चार वर्षीय बेटी भी है। पहले हमारे घर में दूध सप्लाई करने एक शख्स आता था। कुछ महीने से उसके साथ मेरी पत्नी फोन पर बात करने लगी। मुझे पता लगा तो मैंने दोनों से इस संबंध में बात की और उन्हें ऐसा न करने की चेतावनी दी। गत 25 जून को पौने एक बजे पत्नी मेरी बेटी को लेकर घर से चली गई। जब घर पर आया तो वे दोनों नहीं थी। फोन मिलाया तो संपर्क नहीं हुआ। उसके मायके में कॉल की तो मायके पक्ष के लोगों ने कहा कि वह यहां नहीं आई। इसके बाद 26 जून को दूधिया के घर गया। वहां पता लगा कि आरोपी भी 25 जून की दोपहर साढ़े 12 बजे से गायब है और उसका फोन भी बंद है। पुलिस मेरी बेटी और पत्नी को तलाशने में मदद करे। वहीं पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी

**बहादुरगढ़।** गांव लाडपुर में एक किसान की गाड़ी पर गोली चलाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही भांजे लगते एक युवक पर गोली चलाने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही पीड़ित ने जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात लाडपुर के निवासी सुशील के साथ हुई है। सुशील पेशे से किसान है। उसका कहना है कि बुधवार को वह अपनी गाड़ी साफ कर रहा था। इसी दौरान गाड़ी की बाईं तरफ एक निशान नजर आया। निशान गोली था और नजदीक ही गोली का खोल भी बरामद हुआ। फिर उसने मामले की हकीकत जानने के लिए कैमरे चेक किए। कैमरे में मंगलवार की रात करीब साढ़े 12 बजे एक शख्स मकान के बाहर आता दिखाई दिया। उसने गोली चलाई और धमकी भरे स्वर में कहा कि बाहर निकल..मैं भांजा हूं, तुझे जान से मारुंगा। वह आरोपी हमारे गांव का भांजा सुधीर है और दिल्ली का रहने वाला है। वारदात के वक्त उसके साथ कोई और शख्स भी था, क्योंकि नहर की तरफ गाड़ी खड़ी थी और उसी तरफ से सुधीर आया था। मुझे आरोपी से जान का खतरा है, मेरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने सुशील की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सीएम दरबार में पहुंची नगर परिषद के भ्रष्टाचार की शिकायत

- हरिभूमि में 25 जून को प्रकाशित हुआ था एक्सक्लूजिव समाचार, पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने सीएम से की कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़**

दैनिक हरिभूमि के 25 जून के अंक में 'अवैध कॉलोनाइजर को अनुचित लाभः सुभाष नगर की नई प्लॉटिंग में बना दी सीसी सड़क' शीर्षक से छपे समाचार से संबंधित शिकायत सीएम दरबार तक पहुंच गई है। विदित है कि नगर परिषद द्वारा लाइनपार क्षेत्र में खेतों के बीचोंबीच विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में लाखों रुपए खर्च कर सड़क बना दी गई। गुरुग्राम में जनसमस्याएं सुनने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने इस संबंध में लिखित शिकायत दी है।

पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को बताया कि अवैध इलाके में प्लॉटिंग कर रहे कॉलोनाइजरों को को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए सीसी गलियां बनाई जा रही हैं। जबकि जहां जनता मूलभूत सुविधाओं को तरस रहीं हैं, वहां कोई कार्य नहीं होता।

उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यूपी सरकार की तर्ज पर अपराधियों का सफाया करने की अपील की। साथ ही प्रॉपर्टी आईडी, एनडीसी, फैमली आईडी व बुढ़ापा पेंशन के मुद्दे पर पुनर्विचार कर जनता को राहत देने का अनुरोध किया। उनके अनुसार जनता को परेशान करने वाले पोर्टल तुरंत बंद होने चाहिएं।

इनके कारण जनता में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी है। साथ ही जसबीर ने बहादुरगढ़ के विकास कार्यों के लिए बजट स्वीकृत करने की भी मांग की।



बहादुरगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी को शिकायत सौंपते ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### कोचिंग सेंटर से लौट रहे युवक के साथ मारपीट

**झज्जर।** प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी करने के लिए शहर के एक कोचिंग सेंटर में नियमित आने वाले फतेहपुरी निवासी एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में करीब 18 वर्षीय निशु ने बताया कि वह रोजाना शहर के एक कोचिंग सेंटर में कंपीटिशन टेस्ट की तैयारी करने आता है। बीती 25 जून को करीब साढ़े तीन बजे कोचिंग खत्म कर वह पुराना बस स्टैंड के नजदीक स्थित सुरेहती निवासी अपने दोस्त साहिल के फाइनेंस कार्यालय में चला गया। वहां अचानक रईया निवासी नीरज व बुगला तथा बामडोला निवासी अक्षय अन्य युवकों के साथ पहुंच कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। तीनों युवकों द्वारा उसके सिर व पैर पर डंडों से चोट पहुंचाई गई। इसके बाद अन्य युवकों ने भी उसे पीटना शुरू किया। जब उसने शोर मचाया और व्यक्ति एकत्रित होने लगे तो वे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। दोस्त साहिल ने उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।



बहादुरगढ़। मांडोठी में प्लॉटों के लिए प्रदर्शन करने भूमिहीन ग्रामीण।

## प्लॉटों के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** मांडोठी गांव में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन से जुड़े भूमिहीन गरीब, पिछड़े, दलित तथा बीपीएल परिवारों ने वीरवार को प्रदर्शन किया। साथ ही हरियाणा सरकार से 100-100 गज के प्लॉट देने की मांग की। संगठन की सदस्य अंगूरी देवी ने कहा कि हमने अनेक बार सरकार से गुहार लगाई, परंतु हमें आज तक एक गज का प्लॉट भी नहीं मिला। ग्रामीण रमेश कुमार ने हरियाणा सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए भूमिहीन ग्रामीण गरीबों के हित में कार्य करने के दावे को गलत करार दिया। मौजूदा सरकार ने पौने दस साल के अपने कार्यकाल में एक दिन भी हम भूमिहीन गरीब लोगों को प्लॉट देने की बात नहीं की। अब चुनाव सिर पर हैं, इसलिए वोट पाने के चक्कर में वह झूठे झांसे दे रही है। इस सरकार ने हमारे गांव में किसी भी भूमिहीन ग्रामीण गरीब को एक गज का प्लॉट भी नहीं दिया। अनीता, सुनीता, निर्मला तथा अधिवक्ता अनु ने हरियाणा सरकार से अपने खजाने से जमीन खरीद कर जरूरतमंद परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देने की मांग की।



बहादुरगढ़। सेक्टर-13 समर कैंप के समापन पर मौजूद बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## सेक्टर-13 कैंप में वितरित किए पुरस्कार

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-13 स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्र पर चल रहे बच्चों के मूल्यांकन समर कैंप का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में चेयरपर्सन सरोज राठी, अशोका इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर विजय लक्ष्मी, सार्थक सेवा समिति के प्रधान एनएस कपूर और बहादुरगढ़ की मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी व सेवा केंद्र की प्रभारी बीके रेणु दीदी ने सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मात-पिता के साथ भी आर्ट आफ पेरेंटिंग विषय पर चर्चा की गई। बीके अंजलि दीदी ने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता की आदतों का ही अनुसरण करते है। अभिभावकों से भी उन्होंने अनुरोध किया कि वे भी मेडिटेशन सीख कर बच्चों में अच्छी आदतों का विकास कर सकते हैं। बीके रेणु दीदी ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह हैं, इस आयु में हम जैसे उनमें अच्छी आदतें डालते हैं तो बच्चे वैसा ही स्वरूप लेते हैं। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी, आज्ञाकारी व शांति की शिक्षाएं देकर सभी को लाभान्वित किया। बीके प्रीति दीदी ने सभी को मेडिटेशन कराया। छोटे-छोटे बच्चों ने गीत संगीत की प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। बीके ममता दीदी व बीके निधि बहन ने भी बच्चों को एक्टिविटी, म्यूजिक व योग के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी।

## यातायात पुलिस ने नो-पार्किंग में खड़े 20 वाहनों के चालान किए

# नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन क्रेन से उठाए जाएंगे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़**

शहर की सड़कों पर व्याप्त अवैध पार्किंग की समस्या पर पुलिस ने संज्ञान ले लिया है। नो-पार्किंग जोन में खड़े होने वाले वाहन क्रेन से उठाए जाएंगे। वीरवार को पुलिस ने सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा। इस दौरान नो-पार्किंग जोन में खड़े 20 वाहन चालकों के चालान किए गए। कई वाहन भी इंपाउंड किए गए

दरअसल, शहर की सड़कों, बाजारों में अवैध पार्किंग की समस्या आम है। लोग सड़क पर नो-पार्किंग जोन में आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर देते हैं। इस वजह से सड़क की चौड़ाई घट जाती है और यातायात बाधित हो जाता है। जाम की स्थिति पैदा होने लगती है। इतना ही नहीं, पैदल राहगीरों को भी आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों द्वारा लगातार पुलिस प्रशासन से इस मामले में संज्ञान लेने की मांग उठाई जा रही थी।



बहादुरगढ़। नो-पार्किंग में खड़ी कार को उठाती क्रेन। फोटो : हरिभूमि

यातायात पर्यवेक्षक एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ के दिशा नर्दिश पर कार्रवाई की जा रही है। वीरवार को यातायात प्रबंधक विकास कुमार की टीम ने नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई की।

कुल 20 वाहनों के चालान किए गए। बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन भी इंपाउंड किए गए। इनके अलावा गलत दिशा में वाहन चलाने के 20, लेन चेंज के 13, बुलेट पटाखा दो और ब्लैक फ़ल्मि का एक चालान किया गया। यातायात थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि लोग यातायात नियमों का पालन करें। व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। यदि कोई नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करता है तो चालान किया जाएगा। साथ ही क्रेन के जरिये वाहन उठा लिया जाएगा। इसलिए नियमों का पालन करें।

## महिला को जान से मारने की धमकी

**बहादुरगढ़।** शहर में रह रही प्रवासी मूल की एक महिला को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के शाहजहांपुर मूल की सुनीता का कहना है कि वह फिलहाल यहां सेक्टर-6 में रहती है। सेक्टर-6 स्थित हमारे मकान को लेकर मेरा मेरी सांस व उसके रिश्तेदारों के साथ विवाद चल रहा है। इसके अलावा यूपी के बंडा गांव में हमारी जमीन है। उस जमीन को लेकर भी कुछ लोगों से विवाद है। वहां से लगातार मुझे धमकियां मिलती रही हैं। अब हाल ही में फिर से धमकियां दी गई हैं। इस वारदात के पीछे बंडा के रहने वाले अमरदीप और जितेंद्र का हाथ हो सकता है। वो लोग हमारे जीमन पर हड़पे बैठे हैं। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस का कहना है कि मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

## बाइक चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** बाइक चोरी के मामले में सेक्टर छह थाना पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों से तीन बाइक बरामद की गई हैं। दरअसल, खेड़ी जसोर का निवासी सतीश गत 9 जून को बहादुरगढ़ आया था। उसने देवीलाल पार्क के पास अपनी बाइक खड़ी की और काम के सिलसिले में कहीं चला गया। कुछ समय बाद वापस आया तो बाइक नहीं मिली। दूसरे मामले में राजनारायण निवासी रणजीत कॉलोनी 16 जून को देवीलाल पार्क के पास अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके कहीं चला गया था। वहीं तीसरे मामले में दीपक निवासी खेड़ी साध भी पांच जून को अपनी मोटरसाइकिल देवीलाल पार्क के पास खड़ी करके कहीं चला गया था। तीनों की बाइक यहां से चोरी हुई। उनकी शिकायतों पर केस दर्ज हुए। मामले में जानकारी देते हुए थाना प्रबंधक संदीप ने बताया कि सेक्टर पुलिया, देवीलाल पार्क के नजदीक से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में अलग-अलग टीमों द्वारा दो नाबालिक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों से चुराई गई तीन मोटरसाइकिल बरामद करके आगामी कार्रवाई की जा रही है।